1. संबंधबोधक अव्यय के संबंध में सही नहीं है-
   (1) इनका लिंग व वचन संबंधी संज्ञा व सर्वनाम के अनुसार होता है।
   (2) इन पर काल व कारक का कोई प्रभाव नहीं पड़ता।
   (3) ये दो उपवाक्यों को जोड़ने के लिए उनके मध्य प्रयुक्त होते हैं।
   (4) इनका प्रयोग संज्ञा या सर्वनाम पदों को जोड़ने के लिए इनके मध्य होता है।

2. समुच्चयबोधक अव्यय के संबंध में निम्न कथनों पर विचार करते हुए असंगत का चयन कीजिए -

(1) ये अव्यय शब्द दो प्रकार के होते हैं।

(2) ये अव्यय शब्द संयुक्त व मिश्र वाक्य के योजक शब्द होते हैं।

(3) ये दो संज्ञा व सर्वनाम पदों को जोड़ने हेतु प्रयुक्त होते हैं।

(4) इनका प्रयोग एक ही वाक्य में प्रयुक्त उपवाक्यों को जोड़ने हेतु किया जाता है।

3. अरे वाह ! आप आ गए लेकिन मोहन के साथ राधा नहीं आयी।

रेखांकित पदों में अव्यय का सही क्रम है-

(1) संबंधबोधक, समुच्चयबोधक, विस्मयादिबोधक
(2) समुच्चयबोधक, संबंधबोधक, विस्मयादिबोधक
(3) विस्मयादिबोधक, समुच्चयबोधक, संबंधबोधक
(4) विस्मयादिबोधक, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक